# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

शुक्रवार

17 नवंबर 2023

आपकी आवाज




मुखिया पति हत्याकांड का मुख्य शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

2



## दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र सरकार: हाईकोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने के लिए केंद्र को आखिरी अवसर के रूप में आठ सप्ताह का समय दिया और कहा कि यह मुद्दा लंबे समय से चल रहा है और सरकार को इस प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए। अदालत ने कहा कि यदि नीति निर्धारित समय अवधि के भीतर तैयार नहीं की जाती है, तो इस मुद्दे से निपटने वाले संबंधित संयुक्त सचिव को सुनवाई की अगली तारीख 4 मार्च, 2024 को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

अदालत का मानना है कि चूंकि पांच साल से अधिक समय बीत चुका है, भारत संघ के पास नीति बनाने के लिए पर्याप्त समय है। न्याय के हित में, भारत संघ को नीति बनाने के लिए एक आखिरी अवसर दिया जाता है। आठ सप्ताह. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा, यदि निर्धारित समय अवधि के भीतर नीति तैयार नहीं की जाती है, तो विषय से निपटने वाले संयुक्त सचिव को अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

हाई कोर्ट ने पहले केंद्र से दवाओं की ऑनलाइन अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। अदालत ऐसी बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमों में और संशोधन करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

# बिहार में धार्मिक जुलूस में तलवार, भाला, लाठी पर बैन

- त्योहारों के वक्त हिंसा को रोकने के लिए बिहार सरकार ने लिया बड़ा फैसला
- जुलूस में उत्तेजक, भड़काउ गाने, नारेबाजी और प्रतिबंधित हथियार पूरी तरह से रहेंगे बैन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नीतीश सरकार ने त्योहारों पर निकलने वाले जुलूसों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत बिहार में जुलूस के दौरान तलवार, लाठी, बंदूक और अन्य हथियार के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। बिहार सरकार की विशेष सचिव के सुहिता अनुपम की ओर से जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संदर्भ में चिट्ठी लिखी गई है। त्योहारों के वक्त हिंसा को रोकने के लिए बिहार सरकार ने यह निर्णय लिया है। बिहार सरकार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि धार्मिक जुलूसों की स्वीकृति एवं उनके लिए दिए जाने वाली अनुज्ञप्ति में यह शर्त



निश्चित रूप से शामिल किया जाए कि धार्मिक जुलूसों में माइक्रोफोन या पब्लिक एड्रेस सिस्टम या अन्य ध्वनि विस्तारक के शोर का स्तर उस क्षेत्र के लिए निर्धारित मानक स्तर से अधिक न हो और जुलूस नेतृत्व द्वारा मात्र जुलूस के नियंत्रण हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जायेगा। इस हेतु प्रत्येक ध्वनि विस्तारक के उपयोग के लिए अलग से अनुज्ञप्ति निर्गत किया जायेगा। प्रत्येक अनुज्ञप्ति में डेसीबल स्पष्ट रूप से अंकित हो। सभी ध्वनि विस्तारक यंत्र का डेसीबल से मिलान किया जायेगा। इसके लिए मोबाइल ऐप का सहारा लिया जाएगा।

### कृपाण छोड़ अब अन्य हथियार का नहीं कर पाएंगे प्रदर्शन

पत्र में कहा गया है कि जुलूस या शोभायात्राओं के दौरान कई लोगों द्वारा समूह में लाठी, भाला, तलवार, आग्नेयास्त्र एवं अन्य हथियारों का उत्तेजक प्रदर्शन किया जाता है। कुछ खास परिस्थिति यथा सिख समुदाय द्वारा धारित कृपाण को छोड़कर किसी भी जुलूस या शोभायात्रा में हथियार ले जाना अथवा प्रदर्शन किया जाना आर्म्स एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। यदि किसी कारण से तलवार इत्यादि ले जाना आवश्यक हो तो उसके लिए अलग से प्रत्येक वैसे व्यक्ति जो तलवार इत्यादि धारित करेंगे, को अनुमति लेना आवश्यक होगा।

**उत्तेजक, भड़काउ गाने, नारेबाजी बैन, इतिहास भी खंगाले जाएंगे:** बिहार सरकार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जुलूस या शोभायात्रा के लिए दी जाने वाली अनुज्ञप्ति में अनुज्ञप्तिधारक के पूर्व इतिहास के शर्त को भी शामिल किया जाए। साथ ही जुलूस में उत्तेजक, भड़काउ गाने, नारेबाजी और प्रतिबंधित हथियार पूरी तरह से बैन रहेंगे। इसका पालन नहीं करनेवालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जुलूस में भाग ले रहे 10 से 25 लोगों से लें अंडरटेकिंग

बिहार सरकार की ओर से स्पष्ट कहा गया है कि जुलूस या शोभायात्राओं में भाग ले रहे कम से कम 10 से 25 लोगों से अंडरटेकिंग लिया जाय कि विधि व्यवस्था जुलूस में संधारित करेंगे। और, 10 से 25 लोगों का नाम, पता तथा आधार कार्ड का नंबर भी प्राप्त कर लिया जाय। इसके अलावा जो मजिस्ट्रेट अथवा पुलिस पदाधिकारी इस गुलूस में प्रतिनियुक्त रहेंगे, उपरोक्त कडिकाओं में उल्लेखित शर्तों की जांच कर सुनिश्चित होने एवं कंडिका-5 के अन्तर्गत अंडरटेकिंग होने के पश्चात ही प्रारम्भिक स्थल से जुलूस के प्रस्थान की अनुमति देंगे। संबंधित थाना के थाना प्रभारी को इसकी सूचना प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा तुरंत दी जाएगी।

## मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में आज डाले जाएंगे वोट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। मध्य प्रदेश में विधानसभा की 230 सीटों के लिए सुबह-सुबह 7:00 बजे ही मतदान शुरू हो जाएगा जो की शाम 6:00 बजे तक चलेगा। इन वोटो की गिनती अगले महीने 3 दिसंबर को होगी। इस बार मध्य प्रदेश में चुनावी मुकाबले काफी रोमांचक होने वाला है क्योंकि कांग्रेस और बीजेपी की सीधी टक्कर होने वाली है। हालांकि कई पार्टियों जैसे सपा बसपा और आम आदमी पार्टी यहां से चुनाव लड़ रहे हैं और कुछ सीटों पर उलटफेर भी कर सकते हैं लेकिन भाजपा और कांग्रेस के बीच यह मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि साल 2018 में हुए चुनावों के दौरान कांग्रेस 114 सीटों पर जीत हासिल कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। वहीं छत्तीसगढ़ चुनाव में दूसरे चरण में 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे, गिनती 3 दिसंबर को होगी।

### मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत प्रथम किश्त वितरण समारोह का आयोजन

# नीतीश बोले... बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए चलाएंगे अभियान

- उद्यमी योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में दी गई 4-4 लाख रुपये की राशि
- दो वर्ष में 4674 युवक-युवतियों ने लिया योजना का लाभ

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में 4-4 लाख रुपये की राशि उनके खाते में भेज दी। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को बिहार सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की मदद की जाती है। पहली किस्त और दूसरी किस्म में चार-चार लाख और तीसरी किस्त में 2 लाख रुपये मिलते हैं। गुरुवार को नीतीश कुमार ने पहली किस्त लाभार्थियों के खाते में भेजे। बिहार उद्योग विभाग ने गुरुवार को पटना में उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना शुरू किया गया था। इस योजना के तहत 10 लाख रुपये दिए जाते हैं इसमें से 5 लाख रुपये अनुदान और 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। दो वर्ष में 4 हजार 674 युवक-युवतियों ने इसका लाभ लिया। वर्ष 2020 में जननायक कपूरी ठाकुर के जन्मदिन पर घोषणा की थी कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री अति पिछड़ा वर्ग उद्यमी योजना का लाभ दिया जाए। वर्ष 2021 में सात निश्चय पार्ट- 2 में हमने तय किया कि इन



### विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए तो 2 साल में बदल जाएगा बिहार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करते हुए इसके लिए अभियान चलाने की भी बात की है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए तो 2 साल में ही बिहार का विकास हो जाएगा। बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है, इसी बिहार से सारी शुरूआत हुई और आज यही पीछे है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए हम अभियान चलाएंगे। हम तो लोगों के हित में काम करते हैं, हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करते हैं। हम काम करने वाले लोग हैं, काम करते ही रहेंगे। केंद्र में कोई योजना बनती है तो प्रचार करते हैं, लेकिन उनकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत होती है और राज्य सरकार को 40 प्रतिशत हिस्सा देना पड़ता है, जिससे राज्यों को कोई फायदा नहीं मिलता है। ऋण लेकर पूरे राज्य के विकास के लिए काम कर रहे हैं। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दो, यह कंपेन चलेगा, अगर बिहार को विशेष दर्जा नहीं दोगे तो इसका मतलब है कि आप बिहार का विकास करना नहीं चाहते हैं।

दो कम्युनिटी के अलावे जितनी महिलाएं हैं चाहे वे किसी जाति से जुड़ी हों सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपए दिए जा रहे हैं इसमें से 5 लाख रुपए अनुदान और 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। सभी वर्ग की महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत भी 10 लाख रुपए दिए जाते हैं इसमें से 5 लाख रुपए का अनुदान तथा 5 लाख रुपए पर मात्र 1 प्रतिशत ब्याज लिया जाता है। वर्ष 2012-13 में अल्पसंख्यक वर्ग को सुविधा देने के लिए काम शुरू किया गया था। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपए दिए जा रहे हैं इसमें से 5 लाख रुपए अनुदान और 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। इस वर्ष मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 8 हजार लाभुकों को लाभ मिला तथा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के 1 हजार 247 लाभुकों का चयन कर लिया गया, जो कुल मिलाकर 9,247 हुआ।

### धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ करने वालों पर नजर रखें: सीएम

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान अधिप्राप्ति को लेकर गुरुवार को समीक्षात्मक बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव विनय कुमार ने बताया कि इस बार सामान्य ग्रेड के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,183 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है। धान अधिप्राप्ति की प्रस्तावित अवधि एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक है। चरणबद्ध तरीके से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है और इस वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 45 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। उन्होंने बताया कि धान अधिप्राप्ति को लेकर अब तक एक लाख 24 हजार 721 रैयत किसानों तथा एक लाख 86 हजार 358 गैर रैयत किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनकी संख्या और बढ़ेगी। उसना चावल मिलरों की संख्या पिछले वर्ष 255 थी जो अब बढ़कर 349 हो गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कृषि कार्य से जुड़े हुए लोगों को धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें। रैयत और गैर रैयत किसानों से धान खरीदारी का अलग-अलग विवरण रखें। धान के अनुमानित उत्पादन के अनुसार ही धान अधिप्राप्ति का जिलावार लक्ष्य निर्धारित करें। धान अधिप्राप्ति कार्य में गड़बड़ करनेवालों पर भी नजर रखें। बिहार में उसना चावल खानेवालों की संख्या अधिक है इसको ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत उसना चावल तैयार कराने के लक्ष्य पर काम करें। उसना मिल मालिकों के साथ इसको लेकर बैठक करें।

## शिक्षा विभाग का फरमान... छठ के दौरान सरकारी स्कूलों के हेडमास्टर व शिक्षकों की छुट्टी रहेगी रद्द


**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में छठ महापर्व के दौरान 17 से 20 नवंबर तक सरकारी स्कूलों के हेडमास्टर और शिक्षकों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। लेकिन इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को राहत मिली है। अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश के बाद इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी होने के साथ ही विरोध भी शुरू हो गया है। सरकार के इस फैसले से शिक्षक संघ के नेताओं में नाराजगी है। शिक्षक संघ के नेताओं का कहना है कि वर्षों बाद बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। कई नवनियुक्त शिक्षकों ने नौकरी मिलने के बाद छठ करने का निर्णय लिया था। लेकिन अब सरकार के इस फैसले से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शिक्षकों ने मांग की है कि पर्व के दौरान सभी ट्रेनिंग बंद कर सरकार को छठ महापर्व की छुट्टी दे देनी चाहिए।

जिला शिक्षा पदाधिकारियों की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में 13 से 21 नवंबर तक विद्यालय अध्यापक के स्कूलों में योगदान करने की कार्यतालिका निर्धारित की गई है। इसलिए उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वे अपने प्रखंड के सभी प्रारंभिक और माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्याक अवकाश अवधि में अपने स्कूल में उपस्थित रहने का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। इस अवधि में हेडमास्टर कम्पोजिट ग्रान्ट मद में विकासात्मक कार्य करेंगे। जबकि विद्यालय अध्यापक को योगदान स्वीकर अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

### 19 को ट्रेनिंग के लिए रिपोर्टिंग का आदेश

शिक्षा विभाग ने नवनियुक्त शिक्षकों की ट्रेनिंग का समय छठ पूजा के समय ही रख दिया है। इतना ही नहीं नहाय खाय और खरना के दिन भी ट्रेनिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसे लेकर बिहार राज्य अध्यापक संघ की ओर से भी शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर छठ पर्व के दौरान ट्रेनिंग नहीं कराने की मांग की गई है।



### चुनिंदा धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में बदलने की प्रक्रिया शुरू

# उप्र में 490 करोड़ से बदलेगी 9 ऐतिहासिक धरोहरों की सूरत

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से देश का फेवरेट डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य कर रही योगी सरकार ने प्रदेश की 9 चुनिंदा ऐतिहासिक धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, इस विषय में एक विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था जिसको अमलीजामा पहनाने का दायित्व उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंपा गया है। इस क्रम में जो खाका खींचा गया है उसके अनुसार कुल 490 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए इन ऐतिहासिक धरोहरों की रूपरेखा तय की गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसियों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। कार्ययोजना के अनुसार, लखनऊ के छतरमंजिल में 100 करोड़ रुपए के निवेश से कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, मिजार्पुर के चुनार फोर्ट व झांसी के बरुआ



सागर फोर्ट में भी 100-100 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, लखनऊ की कोठी गुलिस्तान-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास व कोठी रौशन-उद्-दौला में 50-50 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**जल महल, शुक्ला तलाब व टिकैतराय बारादरी का भी होगा मेकओवर:** सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, मथुरा के बरसाना स्थित जल महल समेत कानपुर देहात के शुक्ला तलाब व कानपुर नगर स्थित टिकैत राय बारादरी को भी 30-30 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश को विरासत पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय डेस्टीनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उसका मौजूदा कदम इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की स्थिति को और पुख्ता करेगा। सीएम योगी के मार्गदर्शन में निजी क्षेत्रों के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को उनका प्राचीन गौरव लौटाने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में, इन स्थानों को वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, लग्जरी रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, बुटीके रेस्तरां, मैरिज डेस्टिनेशन व वेडिंग वेन्यू, एडवेंचर टूरिज्म स्पॉट, होमस्टे, थीमपार्क तथा अन्य पर्यटक व अतिथि इकाइयों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**10 राही टूरिस्ट बंगलों के संचालन व कायाकल्प का मार्ग भी होगा प्रशस्त:** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें बाराबंकी के देवा शरीफ, सीतापुर के हरगांव, शामली के कांढला, एटा के सोरों, बुलंदशहर के खुरजा, अमेठी के मुंशीगंज, एटा के पटना पक्षी विहार, बदायूं के काछला, मिजार्पुर के चुनार व प्रतापगढ़ के भूपिया मऊ प्रमुख हैं। इन सभी राही टूरिस्ट बंगलों में पीएसपी प्रक्रिया के जरिए संचालन व विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए ई-निविदा के जरिए आवेदन मांगे गए हैं और माना जा रहा है कि नवंबर माह में ही कार्य आवंटन की प्रक्रिया को भी पूर्ण कर लिया जाएगा।

CMYK

# राहत... साइबर फ्रॉड के लाखों रुपए औरंगाबाद पुलिस ने लौटाए

♦ सावधान सक्रिय है साइबर अपराधी, संभलकर रहें

केटी न्यूज/औरंगाबाद



औरंगाबाद जिले में साइबर थाना खुलने से लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है। साइबर अपराधियों द्वारा फ्रॉड कीए पैसों भी वापसी हो रहे है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति के खाते से कटे 7 लाख रुपए में से छह लाख रुपए होल्ड करा दिया गया है ताकि कुछ दिनों बाद सूचक के खाते में पैसा वापस चला जाए। दरअसल मामला चार नवंबर की हैं जिसमें रफीगंज थाना क्षेत्र के कझपा गांव निवासी दीपक कुमार द्वारा साइबर थाना में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उल्लेख करते हुऐ सूचक ने बताया कि उसके खाते से साइबर अपराधियों द्वारा गत दिनों सात लाख 27 हजार 878 रुपये की निकासी कर ली गयी है। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष आकाश कुमार यादव के नेतृत्व में मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई जिसमें सूचक के पांच लाख 90 हजार रुपए होल्ड करा दिया गया। जो कुछ दिनों बाद उक्त पैसा सूचक के खाते के चला जायेगा। साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक अशोक ठाकुर ने बताया कि उक्त मामले में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच पड़ताल की गई और सूचक का पैसा वापस कराया गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बिना सूझबूझ के किसी भी अंजान व्यक्ति को कोई ओटीपी न बताए। अगर ऐसा कोई मामला हो तो स्थानीय थाना से संपर्क करें।

### साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता ही बचाव का एकमात्र उपाय

पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष आकाश कुमार यादव ने बताया कि ऑनलाइन सेवाओं से जहां लोगों को सहूलियत हुई है वहीं साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता ही बचाव का एकमात्र साधन है। साइबर अपराधी सक्रिय हैं और वे घटनाओं को अंजाम देते चले जा रहे हैं। साइबर अपराध की जानकारी संबंधित व्यक्ति को तब होती है जब नुकसान हो गया होता है। अपना ओटीपी शेयर न करें और न ही किसी को आधार कार्ड का नंबर बताएं। एटीएम का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें। एटीएम कार्ड या पिन नंबर शेयर न करें। एटीएम का पासवर्ड जन्म तिथि न बनाएं। एटीएम की रसीद को संभाल कर रखें। बैंक कर्मचारी बनकर आने वाली फेक काल से सावधान रहें। बैंक कभी फोनकर कोई डिटेल नहीं मांगता है। सोशल मीडिया पर अनजान से दोस्ती ना करें। साइबर अपराध से बचने के लिए सावधानी और जागरूकता आवश्यक है। अपराधी लापरवाह लोगों को टारगेट करते हैं। ऐसे में सतर्क ही बचाव का उपाय है। घटना होने पर तत्काल इसकी सूचना साइबर सेल को दें। संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो पुलिस को सूचित करें।

## एक नजर

### नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन व कांग्रेस नेता के निधन पर विधायक सुदय यादव ने जताया शोक



**जहानाबाद।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन सह जहानाबाद कॉलेज के संस्थापक सचिव सुरेन्द्र शर्मा के निधन पर राजद कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने कहा कि सुरेन्द्र बाबू कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही थे। वे हमारे अभिभावक भी थे। सुरेन्द्र बाबू व्यक्ति नहीं व्यक्त्वि थे। वे ताउम्र सर्वधर्म समभाव के साथ समाजसेवा में लीन रहते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में नगर परिषद क्षेत्र के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्य किए। श्री यादव ने दुख की घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, प्रधान महासचिव परमहंस राय, पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव, धर्मपाल यादव, सूर्यदेव यादव, वीरेन्द्र राउत, कारू पंडित, मरछू रविदास, छोटू यादव, अनिल पासवान, अरमान मल्लिक आदि शामिल हैं।

### छठ पर्व को लेकर पुनपुन बटाने संगम तट के घाट पर चलाया गया सफाई अभियान

**औरंगाबाद।** जम्होर थानांतर्गत पुण्यदायिनी एवं मोक्षदायिनी पुनपुन बटाने के संगम तट पर स्थित विष्णु धाम परिसर में छठ पूजा के निमित्त विभिन्न घाटों की सफाई की गई। कुमार प्रिंस क्लब छठ पूजा समिति के सदस्यों ने छठ घाट की सफाई की। सफाई करते हुए सदस्यों ने कहा कि कुमार प्रिंस क्लब द्वारा 1995 से लगातार छठ घाट की सफाई एवं सजावट का कार्य किया जाता रहा है। विदित हो कि संगम तट छठ घाट पर छठ पर्व के मौके पर हजारों छठ व्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। एवं परिसर में स्थित भगवान सूर्य मंदिर में पूजा पाठ करते हैं। सूर्य पूजा से विख्यात औरंगाबाद जिले में देव, देवकुंड दुमुहान के बाद सर्वाधिक भीड़ इसी घाट पर लगती है। सफाई कार्य में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता,राम प्रसाद चौधरी,दिलावर सिंह, पवन सिंह,रवि सिंह,विजय कुमार एवं अन्य सदस्यों की भूमिका रही।

## खबरें फटाफट

### कैमरा व विज्ञापन फ्लैश चोरी करते युवक गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी गुमटी के समीप बुधवार की शाम सरकारी कैमरा और विज्ञापन फ्लैश चोरी करते एक युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। उसे स्थानीय थाना को सुपूर्द कर दिया गया। वह नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला निवासी नमी कुमार है। उसके पास से कैमरा खोलने का औजार भी बरामद किया गया है। इस संबंध में सरकारी सीसीटीवी कैमरा के कंट्रोल रूम के केयरटेकर संदेश थाना क्षेत्र के चेला गांव निवासी बबलू कुमार सिंह की ओर ले प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उसमें कहा गया है कि वह 15 नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे सीसीटीवी कैमरा के कंट्रोल रूम में बैठे थे। तब देखा कि पूर्वी गुमटी के पास एक युवक युवक पोल पर चढ़कर सरकारी सीसीटीवी कैमरे को खोलने का प्रयास कर रहा है। तब वह तत्काल मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया।

### 36 लोग गिरफ्तार भेजे गए जेल

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न मामलों में अपराध कर्मियों की धरपकड़ को लेकर चलाएं गए अभियान के फलस्वरूप 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है । यह कार्रवाई एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर की गई। इस दौरान हत्या के कांड में एक, एनडीपीएस एक्ट में दो, विविध कांड में 11, शराब कांड में सात एवं अजमानतिय वारंट मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बभनगांवा गांव स्थित बागीचे से पकड़ाया

# मुखिया पति हत्याकांड का मुख्य शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

♦ गिरफ्तार शूटर के पास से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक मोबाइल बरामद

♦ कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैयां बाजार में 14 मई की सुबह गोली मार की गई थी हत्या

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के पश्चिमी गुंडी पंचायत की मुखिया पति, प्रॉपर्टी डीलर सह व्यवसायी महेंद्र यादव उर्फ मुन्ना यादव की हत्या में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के मुख्य शूटर धनजी यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। धनजी यादव उसी थाना क्षेत्र के बभनगांवा गांव निवासी जगदीश यादव का पुत्र है। वह कृष्णगढ़ थाने के टॉपटेन अपराधियों में शामिल है?। उसके खिलाफ पूर्व से हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और शराब सहित पांच मामले दर्ज हैं। उसे गुरुवार की सुबह बभनगांवा स्थिति बागीचे से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि सरैयां बाजार में पिछले 14 मई की सुबह बभनगांवा गांव निवासी पश्चिमी गुंडी पंचायत की मुखिया के पति सह सीमेंट व्यवसायी महेंद्र यादव उर्फ मुन्ना यादव की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। उसे लेकर उनके पुत्र विकास कुमार यादव के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें बभनगांवा गांव निवासी धनजी यादव व अंशु उपाध्याय पर पर मुखिया पति को सर में गोली मारने का आरोप लगाया गया था। एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुख्य आरोपित सहित अन्य अपराधियों को गिरफ्तारी कर लिया गया था। कुछ आरोपितों के खिलाफ कुर्की की भी



कार्रवाई की गयी थी। हालांकि हत्याकांड का मुख्य शूटर धनजी यादव फरार चल रहा था। गुरुवार की सुबह सूचना धनजी यादव किसी से मिलने अपने गांव आया है और बागीचे में छुपा है। उसके आधार पर टीम द्वारा बागीचे में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। बताया कि हथियार बरामदगी के मामले में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। टीम में कृष्णगढ़ ओपी इंचार्ज विवेक कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।


**पंचायती कर थाने से लौटते समय वारदात को दिया गया था अंजाम:** मुखिया पति महेंद्र यादव को बीच बाजार गोलियों से भून दिया गया था। उन्हें नजदीक से पांच गोलियां मारी गयी थी। तब घटना के समय बताया गया था कि मुखिया पति गांव के ही एक केस की पंचायत करने 14 मई की सुबह अपनी बुलेट से कृष्णगढ़ थाने गए थे। वहां से वह वापस घर लौट रहे थे। तभी उसी दौरान सरैया बाजार में अपराधियों द्वारा उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी गयी थी। बुलेट से गिरने के बाद बाइक सवार अपराधी दुबारा लौट आये और उनके सिर में फिर से गोली मार दी थी।

### शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** अंबा थाना की पुलिस व मध निषेध इकाई पटना ने संयुक्त कार्यवाही में शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। यह घटना गुरुवार की दोपहर एरका चेक पोस्ट के समीप की है। तस्कर की पहचान रोहिणी (दिल्ली) जिला के कंझौला थाना क्षेत्र अंतर्गत जजती गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर शराब की बड़ी खेप लेकर एनएच 139 के रास्ते गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पुलिस ने शराब की खेप लदे ट्रक को तस्कर के साथ दबोच लिया।

### अधेड़ महिला हत्याकांड में फरार आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**औरंगाबाद।** अधेड़ महिला हत्याकांड में फरार एक अभियुक्त को फेसर थाना की पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी पांडेखाप गांव निवासी राजेश साव है। विदित हो कि उस गांव निवासी मुनरी देवी की गत मंगलवार को बच्चों के विवाद में मारपीट के दौरान हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मामले में मृतका के परिजन द्वारा 19 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। मामले में अनुसंधान के क्रम में एक हत्यारोपी पकड़ा गया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट के दौरान एक अधेड़ महिला की हत्या कर दी गई थी जिसमें एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं कांड के अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जा रही हैं।




# एटीएम काट 4.47 लाख रुपए की चोरी

केटी न्यूज/औरंगाबाद



बिहार के औरंगाबाद में बैंक आफ इंडिया के एटीएम को गैस कटर से काटकर 4 लाख 47 हजार रुपए की चोरी कर अपराधी मौके से भाग निकले। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद न हो, जिसको लेकर अपराधियों ने सीसीटीवी कैमरे को पहले पेंट से स्प्रे कर दिया और आसानी से वारदात के अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीकुआं मोड़ का है।

15 नवंबर की रात बदमाशों ने एटीएम पर धावा बोल दिया और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि इस दौरान घटना से पुर्व सीसीटीवी फुटेज मिले हैं जिसमें देखा जा सकता है कि चार - पांच की संख्या में रहे अपराधी एक सफेद रंग की कार से आए थे। घटना की जानकारी थाना क्षेत्र के मनिका में संचालित बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार को दी गई। तत्पश्चात उन्होंने मामले की जानकारी एटीएम चैनल प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह को दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की तहकिकात में जुट गई है। इस संबध में एटीएम चैनल प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि अपराधी गैस कटर लेकर आए थे और वारदात को अंजाम देने से पहले सीसीटीवी कैमरे को पेंट से स्प्रे कर दिया ताकि कोई साक्ष्य न मिले। एटीएम में सुरक्षा गार्ड रखने का प्रावधान कंपनी का नहीं है। जबकि एटीएम लोगों की सुविधा के लिए 24 खुली रहती है। एटीएम लूटकांड से जुड़ी घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी जा चुकीं हैं। वहीं घटना से संबधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# जुआरियों को भागने व पुलिस के साथ हाथापाई मामले में केस दर्ज

केटी न्यूज/औरंगाबाद

पुलिस द्वारा नगर पंचायत नवीनगर के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिपिन सिंह एवं बेलाई पंचायत के मुखिया अमरीश प्रधान सहित 12 अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोप है कि नबीनगर थाना की पुलिस को भवानोखाप गांव में जुआं खेलने की सूचना मिली थी जिसके अलोक में पहुंचे पीएसआई अनित कुमार एवं पुलिस बलों ने दो जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनसे आवश्यक पूछ-ताछ की जा रही थी तभी काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गये और पुलिस गाड़ी को घेर लिया गया तथा पकड़े गये जुआरियों को छोड़ने का दबाव बनाने लगे। इसी क्रम में मौके पर पहुंचे बिपिन सिंह एवं अमरीश प्रधान सहित कई अन्य लोगों द्वारा पुलिस के साथ हाथापाई कर दोनों जुआरियों को छुड़ा लिया गया।

सदर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने कहा कि मामले में नगर पंचायत नवीनगर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिपिन सिंह एवं बेलाई पंचायत के मुखिया अमरीश प्रधान सहित 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होने बताया कि इस दौरान एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जो दिन की हैं, जबकि घटना 11 नवंबर की रात करीब 10 बजे की है।




## उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभुकों के ऋण स्वीकृति एवं वितरण शिविर का आयोजन

# लाभुकों को ऋण की स्वीकृति व भुगतान में तेजी लाएं: जिलाधिकारी

केटी न्यूज/औरंगाबाद

जिला उद्योग केन्द्र औरंगाबाद के तत्वावधान में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना उन्नयन योजना के लाभुकों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा उक्त दोनों योजना के लाभुकों को ऋण की स्वीकृति पत्र दिया गया एवं भुगतान किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। इसमें अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक डीडीएम नाबार्ड क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत कुल 54 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया एवं कुल 47 लाभुकों को ऋण का भुगतान किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को स्वीकृति एवं भुगतान में तेजी लाने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में बिहार देश में प्रथम स्थान पर है।

### केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं किया जायेगा प्रचार-प्रसार

**औरंगाबाद।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. बसंत गर्ग के द्वारा ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा का समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ कार्यक्रम के तहत 20 नवंबर से 25 जनवरी 2024 तक डिजीटल रथ के माध्यम से केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाना है। आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु विशेष कैंप पंचायत भवन, स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर, पीडीएस डीलरों के केंद्र आदि आयोजित किया जाना है। इसमें पात्र लाभार्थी का ई'केवाईसी कर



आयुष्मान कार्ड तथा आभा कार्ड निर्माण किया जाएगा। अब लाभार्थी स्वयं भी गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान एप डाउनलोड कर स्वयं पात्रता जांच कर सकते हैं।



## खबरें फटाफट

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ की हुई बैठक

**केसठ।** गुरूवार को प्रखंड परिसर स्थित सभागार में बीएलओ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने व संचालन नोडल बीएलओ अजय कुमार विक्रांत ने किया। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने महिलाओं के नाम के अनुपात बढ़ाने को लेकर प्रत्येक बूथ पर कम से कम 40 महिलाओं का नाम जोड़ने एवं 18 से 19 वर्ष तक के युवाओं का नाम जोड़ने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में गलत फोटो, दोहरीकरण नाम एवं गलत नाम को भी ठीक करना है। इसके अलावा में नया नाम जोड़ने ,हटाने एवं त्रुटि सुधार को लेकर निर्देश दिया।उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को बीएलओ की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें सभी बीएलओ की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर सुनील कुमार, मुन्ना कुमार, अलाउद्दीन अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मुफ्त चिकित्सा शिविर 23 को

**डुमरांव।** नगर के स्टेशन रोड स्थित पाल कटरा में संचालित निदान केन्द्र में 23 नवंबर को न्यूरो मरीजों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन अस्पताल प्रबंधक अक्षय कुमार द्वारा क्षेत्र के न्यूरो मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श देने के लिए आयोजित करवाया जा रहा है। जिसमें वाराणसी के प्रसिद्ध न्यूरोलाजिस्ट डा. पंकज कुमार द्वारा न्यूरों व साइको मरीजों की जांच कर उचित सुझाव दिया जाएगा। अक्षय ने बताया कि इस कैंप के आयोजन की तैयारी की जा रही है। शिविर में बक्सर जिले के साथ ही आस पास के जिलों के सैकड़ो मरीजों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में न्यूरो मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। अधिकांश लोग पैसे व न्यूरोलाजिस्ट के अभाव में समय पर उचित इलाज नहीं करा पाते है।

# छठ घाटों पर कुव्यवस्था के खिलाफ नप इओ का फूंका पुतला

◆ आज से महापर्व छठ का अनुष्ठान शुरू, कई तालाबों की नहीं हुई सफाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

**आरोप... सफाई के लिए हर वर्ष 60-70 लाख रु. निकाल खानापूर्ति कर पैसों की होती है बंदरबांट**



आज से लोक आस्था का महापर्व छठ का नहाय-खाय से चार दिवसीय अनुष्ठान शुरू है बावजूद छठ घाटों के कई तालाबों की फिजां नहीं बदली, जिससे आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। गुरुवार को छठिया पोखरा के समीप कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश जताते हुए लोगों ने कहा कि छठ पूजा के साफ-सफाई और शहर की सूरत बदलने के लिए हर वर्ष 60-70 लाख रुपये की निकासी की जाती है लेकिन खानापूर्ति कर पैसों की बंदरबांट किया जाता है। इस कार्यक्रम की अगुवाई वार्ड संख्या 28 की पार्षद सुभद्रा देवी और पूर्व वार्ड पार्षद सोनू राय ने किया।

स्थानीय वार्ड पार्षद सुभद्रा देवी के द्वारा बताया गया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा मनमानी पूर्ण ढंग से कार्य कराया जा रहा है। छठिया पोखरा मेरे वार्ड में स्थित है। बार-बार चेयरमैन एवं कार्यपालक पदाधिकारी से कायार्देश एवं प्राक्कलन की कॉपी मांग कर रही हूं परंतु मुझे कुछ नही बताया जा रहा है और ना ही किसी भी प्रकार का कोई जानकारी दी जाती है, जो नगरपालिका अधिनियम का उल्लंघन है।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद डुमरांव के द्वारा भरपूर रूप से मनमानी किया जा रहा है जिसका नतीजा है कि अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय डुमरांव द्वारा इन पर दस अलग-अलग परिवारवाद में अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा जिला पदाधिकारी को भेज दिया गया है। पूर्व वार्ड पार्षद सोनू राय का कहना है कि छठ पूजा में प्रत्येक वर्ष छठिया पोखरा बिल्कुल ही दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार हो जाता था परंतु इस साल सिर्फ खानापूर्ति कर लूटपाट की नीयत से ही कार्य को कराया जा रहा है। इसकी जानकारी जिला पदाधिकारी बक्सर एवं अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव को उपलब्ध करा दिया गया है। लोगों का यह भी कहना था कि वार्डों में जलापूर्ति व्यवस्था के लिए बोरिंग, सार्वजनिक शौचालय, नाली, गली, सड़क जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को नहीं कराते हुए सिर्फ बेवजह के कार्यों पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा जोर दिया जा रहा है जो की बहुत ही निंदनीय बात है। प्रत्येक वर्ष छठ पूजा में 60 से 70 लाख रुपये की निकासी अलग-अलग कार्यों को दर्शाकर किया जाता है। मौके पर पूर्व चेयरमैन कमलेश तुरहा, संतोष मिश्रा, गुलाम सरवर, श्यामजी गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### बैठक में डुमरांव नप के इओ के नहीं आने से शांति समिति के सदस्यों ने जतायी नाराजगी



**डुमरांव।** छठ महापर्व को लेकर छठ व्रतियों के बीच उत्साह बना है। छठ घाटों पर व्रतियों के लिए बेहतर सुविधा को ले प्रशासन ने भी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। गुरुवार को डुमरांव थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान सदस्यों ने बिजली, पानी, साफ-सफाई और छठ घाटों पर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर खुलकर चर्चा की। एसआइ संजय कुमार की देखरेख में आयोजित इस बैठक के दौरान पूर्व उप चेयरमैन ब्रम्हा ठाकुर ने कहा कि प्रशासन और नगर परिषद का ध्यान केवल छठिया पोखरा पर है। इसके अलावे जंगलीनाथ महादेव पोखरा, ट्रेनिंग स्कूल पोखरा, खिरौली पोखरा आदि पर भी साफ-सफाई रौशनी और मिट्टी की सुविधा दी जानी चाहिए। हर तालाबों व पोखरों पर छठ व्रती भगवान भास्कर का अर्घ्य देने पहुंचते है, जहां सुरक्षा के साथ मूलभूत सुविधाएं दी जानी चाहिए। पार्षद प्रतिनिधि मदन चौबे ने कहा कि बैठक में नगर परिषद के इओ और कोई भी प्रशासनिक प्रतिनिधि का शामिल नही होना गंभीर मामला है। छठ व्रतियों के समस्याओं को लेकर नप प्रशासन गंभीर नही है। इसी तरह अन्य सदस्यों ने भी नप के इओ के बैठक में नही आने से नाराजगी जतायी है। मौके पर पार्षद अनिल कुमार राय, महान तिवारी, कल्याण तिवारी, दीपक यादव, रिंकू पांडेय, आनंद कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### अंचल कार्यालय में विधि व्यवस्था को लेकर बैठक

**केसठ।** अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को विधि व्यवस्था को लेकर बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व सब प्रखंड प्रभारी रश्मि कुमारी ने किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं अन्य कार्यों को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान नीलाम पत्र, अतिक्रमण वारंट समेत अन्य कार्यों को निष्पादन करने को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तत्पर रहना है।इसके अलावा पर्व त्योहार को लेकर विधि व्यवस्था शांतिपूर्ण तरीके से कार्य करने को लेकर निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, प्रभारी अंचलाधिकारी अजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## छठ महापर्वः नारियल, फल, सूप-दउरा आदि से सजी मंडी

# बाजार हुआ गुलजार... आज नहाय-खाय के साथ शुरू होगी खरीदारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बाजार गुलजार होने लगा है। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान शुरू हो जाएगा। पर्व को लेकर फल, नारियल, सूप, दउरा आदि सामानों से मंडी सज गयी है। छठ पर्व के लिए थोक फल विक्रेताओं द्वारा तमिलनाडु व आंध्रप्रदेश से नारियल, कश्मीर से सेब, हाजीपुर से केला, ओडिशा व झारखंड से अन्नास, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से आंवला, पश्चिम बंगाल से अदरख, उत्तर प्रदेश से ईख व हल्दी, नागपुर से संतरा, केरला से नारियल, समस्तीपुर व मुजफ्फरपुर से गागल मंगाकर गोदामों में स्टॉक किया जा रहा है। चौक-चौराहों पर सूप व दउरा की दुकानें भी सजने लगी हैं।

ग्राहकों द्वारा खरीदारी भी अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगी है। प्रसाद के लिए कचवनीया व ठेकुआ बनाने के लिए बाजारों में गुड़ की ब्रिकी में तेजी आ गई है। महिलाएं गेहूं व चावल धोने के बाद दिन भर छत पर बैठकर उसे सूखा रही हैं। इसके अलावा महिला व्रतियों के लिए साड़ी व पुरुषों के लिए धोती की खरीदारी हो रही है।



बाजार में फलों के फुटकर कारोबारियों के मुताबिक फलों की मांग बढ़ने को लेकर भरपूर मात्रा में फलों का भंडारण किया गया है। इस बार भी पिछले साल के मुताबिक हीं फलों के दाम हैं।

**छठ के पकवान के लिए घी की बढ़ी मांगः** छठ के पकवान बनाने के लिए शुद्ध देशी घी की बिक्री खूब हो रही है। कुछ लोग गलियों में घूमकर भी देशी घी बेचते नजर आ रहे हैं। छठ पर्व की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए ठेकुआ सहित अन्य पकवानों को बनाने के लिए अधिकांश लोग देशी घी का ही प्रयोग करते हैं। नहाय-खाय व खरना के दिन व्रतियों के लिए खीर व अन्य खाद्य सामग्री व प्रसाद को बनाने लिए बाजारों में मिट्टी के चूल्हा व आम की लकड़ी की भी बिक्री होने लगी है।

**सूप, दउरा व पूजा सामग्री की सजीं दुकानेंः** शहर के मुख्य मंडी गोला रोड में सूप, दउरा व पूजा समाग्रियों की दुकानें सजने लगी है। कुछ बच्चे टोकरी में कलेवा व अन्य पूजन सामग्री बेचते दिखे। लोग बांस के अलावा फूल व पीतल से बने सूप की खरीदारी बर्तन दुकान में पहुंच कर कर रहे हैं। एक हजार से लेकर 1500 रुपए तक पीतल का बना सूप बाजार में उपलब्ध है। नहाय खाय की तैयारी को लेकर गुरुवार को कद्दू की खरीदारी की गयी। पर्व को लेकर कद्दू का कीमत आसमान छूने लगे हैं। नहाय खाय के दिन कद्दू व चना का दाल का काफी महत्व होता है।

### महापर्व को लेकर माहौल बना भक्तिमय

**केसठ।** नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से लोक आस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ हो जाएगा। शुक्रवार को नहाय खाय के बाद शनिवार को खरना का प्रसाद ग्रहण कर व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास करेंगी। रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न होगा। महापर्व को ले प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। नहाय खाय के पूर्व संध्या से ही व्रतियों ने संयम का पालन शुरू कर दिया है।

**आम की लकड़ी की होने लगी है बिक्रीः** छठ में नहाय-खाय व खरना के दिन व्रतियों के लिए खीर व अन्य खाद्य पदार्थ पकाने के लिए आम की लकड़ी भी बिकने लगी है। छठ व्रत करने वाली व्रतियों ने बताया कि उन्होंने नया गुड़, नया चावल, शुद्ध घी और ईख मंगवाया है। छठ से एक दिन पहले सारा सामान मंगवा लिया जायेगा। जिस रिश्तेदार के यहां छठ नहीं हो रहा होगा, वहां की महिलाओं को भी पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### मुखिया ने तालाब सौंदर्यीकरण का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। छठ पूजा से पहले इस कार्य को पूरा करने को लेकर दर्जनों मजदूर कार्य कर रहे है। वहीं केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान ने गुरूवार को तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान देने को लेकर निर्देश दिया। इस मौके पर समाजसेवी गुड्डु सिंह, विजय सिंह, आजाद स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय प्रसाद मौजूद रहे।




## अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों का हंगामा




**केटी न्यूज/डुमरांव**

75 बेड वाले डुमरांव के अनुमंडलीय अस्पताल में डाक्टरों की लापरवाही व मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरूवार को सुबह के 11 बजे तक अस्पताल में एक भी डाक्टर मौजूद नहीं थे, जिस कारण मरीजों आक्रोशित मरीजों ने जमकर हंगामा किया। मरीजों का कहना था कि वे सुबह से ही अपना इलाज कराने आए थे तथा पुर्जी कटाने के बाद घंटों डाक्टर का इंतजार करना पड़ा। लेकिन डाक्टर नदारद थे। मरीजों का कहना है कि यह एक दिन का मामला नहीं है बल्कि अक्सर यहां डाक्टर समय से नहीं आते है। जिस कारण मरीजों तथा उनके परिजनों को परेशान होना पड़ता है। गुरूवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा था। वही सूत्रों की मानें तो इस अस्पताल में रोस्टर के अनुसार डाक्टर ड्यूटि नहीं करते हैं। जबकि कई डाक्टरों पर प्रबंधन मेहरबान रहता है। जिसका असर अस्पताल के व्यवस्था पर पड़ता है।

## बक्सर डीएम की मौजूदगी में साढ़े 7 करोड़ की 22000 लीटर शराब पर चला बुलडोजर

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को उत्पाद विभाग एवं बक्सर अनुमंडल के विभिन्न थानों द्वारा जब्त किए गए 22000 लीटर शराब का विनिष्टीकरण किया गया। यह विनष्टीकरण बाजार समिति परिसर में डीएम अंशुल अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ। इतनी भरी मात्रा में शराब विनिष्टीकरण के सम्बन्ध में डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि गंगा पर बने नए वीर कुंवर सिंह सेतु पर आवगमन आरम्भ होने के बाद से तस्कर भरी मात्रा में बड़े बड़े वाहनों से शराब की तस्करी करने का प्रयास कर रहे है। जिसको उत्पाद अधीक्षक की सक्रियता और ब्रिज पर लगे स्कैनर से पकड़ा जा रहा है। वही



विभिन्न थानों की पुलिस भी पर्व त्यौहारों में भण्डारण करने का प्रयास कर रहे तस्करों को कहर बनकर पकड़ रही है। उत्पाद अधीक्षक देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि उत्पाद विभाग एवं विभिन्न थानों के द्वारा जब्त किए गए कुल लगभग 22000 लीटर शराब विष्टिकरण किया गया। जिसमे उत्पाद विभाग से 16 हजार 800 लीटर शराब एवं बक्सर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थानों से संबंधित विभिन्न कांडो में जप्त कुल लगभग 5200 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया गया।




## बक्सर ईओ ने किया गंगा घाटों का निरीक्षण, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, दिये निर्देश

# घाटों को जल्द बनाएं स्वच्छ व सुंदर, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को बक्सर नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम ने नगर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोला घाट से जहाज घाट तक तथा सिपाही घाट से गायत्री घाट तक का निरीक्षण किया तथा कर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दी। ईओ ने छठ पूर्व सभी घाटों को स्वच्छ व सुंदर बनाने का निर्देश दिया और कहा कि यह लोक आस्था का महापर्व है इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साइनेज बोर्ड को शीघ्र लगाने को कहा। जिससे स्वच्छता का महापर्व व्रतियों द्वारा स्वच्छ वातारण में संपादित किया जा सके। वहीं सभी घाटों पर आवश्यक रूप से पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। जिससे भीड़ के बीच व्रतियों को कपड़ा बदलने में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे.।



वहीं जिन घाटों पर पहुंचने का रास्ता नहीं है उन घाटों पर जेसीबी से समतलीकरण करा रास्ता बनाने को कहा। घाटों पर पहुंच पथ के समतलीकरण का कार्य देर शाम तक चलता रहा। मौके पर नप ईओ प्रेमस्वरूपम के साथ चेयरमैन कमरून निशा, सशक्त समिति के सदस्य बबन सिंह, राजू राय, मनोज कुमार, दिलीप कुमार के साथ वार्ड पार्षद राहुल यादव, हिटलर, चेयरमैन प्रतिनिधि नेयमतुल्ला फरीदी, उप चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी सिंह, रमेश वर्मा समेत यशवंत सिंह, नरसिंह चौबे, नवीन कुमार पांडेय समेत अन्य शामिल रहे। वहीं नगर के महत्वपूर्ण घाटों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर पेंटिंग कराया जा रहा है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने कहा कि नियमित रूप से घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है। घाटों पर कमी पाई जाने के बाद कर्मियों को पूरा करने का निर्देश भी दिया जा रहा है। जिससे छठ महापर्व के पूर्व सभी घाटों को सुंदर, स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जा सके।



# जखनियां तहसील में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप, कई अधिवक्ता बीमार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां तहसील में रोजाना सैकड़ों लोगों सहित 300 से अधिक अधिवक्ता रोजाना आते- जाते हैं। लेकिन पिछले पांच वर्षो से सफाई कर्मचारी नदारद हैं। बता दें कि अधिवक्ता परिसर सहित भवनों के अगल - बगल गंदगी का अंबार लगा है। जिससे मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोग कुर्सी पर बैठने के कुछ देर में ही उठकर बाहर निकलना ही उचित समझते हैं। जखनियां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यमलेश शर्मा ने अधिवक्ताओं संग परिसर में खड़ा होकर विरोध जताते हुए मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार संचारी रोग सहित अन्य अभियान चलाकर दवा छिड़काव और सफाई व्यवस्था



का निर्देश दी है, लेकिन तहसील में न सफाई कर्मचारी हैं, न ही आजतक ब्लीचिंग पाउडर। इतना ही नहीं मच्छरोधी दवा का भी छिड़काव नहीं हुआ है।डीएम, एसडीएम से मांग किए की सफाई कर्मचारी की तैनाती के साथ सफाई और दवा छिड़काव कराई जाए। इस मौके पर अध्यक्ष यमलेश शर्मा, रामजी यति, अश्वनी राय, रणविजय कुमार, ओंकारनाथ यादव, अशोक उर्फ पप्पू, संजय राम, मोती यादव, रविंद राम, सुभाष यादव, दूधनाथ, रामनवल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता ने कोतवाल पर लगाया बदतमीजी का आरोप

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा कोतवाल पर सीनियर सिटीजन अधिवक्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील बार एसोसिएशन जखनियां को पत्र लिखकर उच्चाधिकारियों से जांच करने और कार्रवाई की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी यति ने कहा कि 13 नवंबर की शाम को मंझनपुर चट्टी के पास मेरे भतीजे को आधे दर्जन लोगों ने पंच से मारकर घायल कर दिया। 14 नवंबर को भुडकुड़ा थाने में प्राथमिकी दी तो कोतवाल ने कहा कि अपराधियों को पहले पकड़ेंगे तब प्राथमिक और मेडिकल होगा। मेरे द्वारा कहे जाने पर की प्राथमिकी तो दर्ज हो जाना चाहिए, क्योंकि घायल आपके सामने है। तब उन्होंने मुझसे कहा कि आप जाइए पुलिस अपना काम कर रही है।पुलिस आपके लिए बैठी नहीं है। दूसरे दिन थाने गए तो थाना प्रभारी ने कहा कि लिखकर मुलजिमों का नाम बताइए। लेकिन तहरीर में जैसे ही ग्राम प्रधान के लड़के का नाम डाला गया कोतवाल भड़क गई और अनाप-शनाप डाटने लगीं। इसके बाद महिला को बुलाकर जबरदस्ती क्रॉस मुकदमा दर्ज किया गया। अधिवक्ता रामजी यति ने कहा कि बार एसोसिएशन उच्चाधिकारियों से मिलकर न्याय संगत कार्रवाई करने और कोतवाल पर कार्रवाई किए जाने की भी मांग करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है इसके सत्यता की जांच कराते हैं।

## एक नजर

### पत्रकारिता है, तो लोकतंत्र जिंदा है: प्रमोद वर्मा

**गाजीपुर।** पत्रकारिता दिवस पर व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रमोद वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता है तो लोकतंत्र जिंदा है।पत्रकारिता के ऊंचे आदर्श स्थापित करने व प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने के उद्देश्य से चार जुलाई 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी। लेकिन इस परिषद ने 16 नवम्बर 1966 से विधिवत तरीके से काम करना शुरू किया था। इस कारण हर साल 16 नवम्बर को राष?ट्रीय प्रेस -डे मनाया जाता है। वर्मा ने कहा यह दिन पत्रकारों को सशक्त बनाने के लिए खुद को समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है। हर देश का मूल्यांकन पाँच प्रासंगिक संकेतकों के उपयोग से किया जाता है। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा और माना जाता है। प्रेस की ताकत के कारण बड़ी से बड़ी सरकार भी गलत काम करने से बचती है। क्योंकी उन्हें पता रहता की अगर वो कोई गलत काम करेंगे तो प्रेस उनके गलत कामों को दुनिया के सामने ला देगी। जिसे उस सरकार की छवि पर असर पडेगा। प्रेस आम आदमी की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखता है। इस मौके पर कमलेश यादव, वेद प्रकाश पांडेय, उपेंद्र कुमार, रमेश सोनी, सुरेश पांडेय सहित प्रमुख पत्रकार व उमाशंकर यादव, इंद्रदेव कुशवाहा, धर्मवीर राजभर, अजय विक्रम, राजेश जायसवाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### आईआईटी बीएचयू में छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के विरोध में निकाला मार्च

**चंदौली।** आईआईटी बीएचयू में छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दलित छात्र नेता विवेक कुमार को न्याय दिलाने के लिए भाकपा माले ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर कदमताल किया। इसदौरान भाकपा (माले) के साथ ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), इंकलाबी नौजवान सभा, अखिल भारतीय गतिशील महिला एसोसिएशन(एपवा) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर भाकपा(माले) जिला सचिव अनिल पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित बिछिया धरना स्थल से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। इस दौरान उत्पीड़न करने वाले अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में दलित छात्र नेता विवेक कुमार पर हमला करने वाले के चीफ प्राक्टर राकेश सिंह पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही होनी चाहिए। परिसरों में एससी/एसटी सेल लागू करने से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। अनिल पासवान ने कहा कि बीएचयू की घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी अपराधी की पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। मार्च में भाकपा(माले) जिला स्थाई समिति सदस्य बिजई राम, जिला कमेटी सदस्य चंद्रिका यादव, रामबचन पासवान, धर्मपाल राम, हरिशंकर विश्वकर्मा, रमेश चौहान, राम वचन बनवासी, परमहंस राम, चंद्रशेखर राम, सूचित राम सहित कई दर्जन कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खबरें फटाफट

### नकाबपोश बाइक सवारों ने वेंडर को पीटकर लूटा

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के कंचनपुर गांव के पास बुधवार की देर रात ट्रेन से भुजा बेचकर सायकिल से घर कादीपुर लौट रहे राजू यादव को एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोशों ने लात-घुसों से पीटकर मोबाइल और पांच हजार नगदी लूट कर जखनियां की तरफ फरार हो गए।लहूलुहान स्थित में निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

### लखनऊ चलो रैली को सफल कराने की अपील

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर बाजार स्थित शिव मंदिर पर साहू समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला संरक्षक सुरेश साहू ने कहा कि 25 नवंबर को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में तैलिक महारैली का आयोजन होगा। जिसमें रैली में संगठन के मजबूती और आर्थिक व्यवस्था मजबूत करने सहित क्षेत्रीय विकास पर चर्चा परिचर्चा होगी।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोम भाई मोदी गुजरात, विशिष्ठ अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक सहित कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे मौजूद। कहा कि दुल्लहपुर से 50 लोग बस से 25 नवंबर को होगे लखनऊ के लिए रवाना। इस मौके पर पारसनाथ गुप्ता, अजय साहू, जनार्दन गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विकास कार्यों से संबंधित योजनाओं की ग्रेडिंग की हुई समीक्षा

# रैंकिंग खराब करने वाले अफसरों की तय की जाएगी जवाबदेही: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल से प्राप्त विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग के अनुसार बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड सरकार द्वारा जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें संबंधित विभागों के रैंकिंग और ग्रेडिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें लॉ एंड ऑर्डर और राजस्व विभाग से संबंधित मामलों को भी शामिल किया गया है।



राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जीएसटी संग्रह, एंटी भू माफिया पोर्टल, धारा- 34 और धारा -24, भूमि आवंटित पट्टे, माइनिंग, नगर विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), संपत्ति नामांतरण जैसे अन्य मामलों में प्रगति लाने के लिए एडीएम और सीआर?ओ को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी को ई-पीडीएस में और विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक विद्युत आपूर्ति के घंटे में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग ने दैनिक विद्युत आपूर्ति में अच्छा काम किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवश्यक दवा सूची में दवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता को बढ़ाने, एंबुलेंस 108, मोबाइल मेडिकल यूनिट और 102 की स्थिति बेहतर पाई गई। बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव, सीटी स्कैन एवं टेली मेडिसिन सेवाओं में भी ग्रेड और रैंक अच्छा था। पंचायती राज विभाग के अंदर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय की निर्माण की जिओ टैगिंग कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पंचायती राज अधिकारी को दिया गया। साथ ही कम प्रगति पाए जाने पर डीपीआरओ को शो कॉज नोटिस जारी किया गया। दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा के दौरान दुग्ध मूल्य भुगतान स्थिति की प्रगति रिपोर्ट कम पाए जाने पर जनरल मैनेजर एवं प्रभारी अभियंता के खिलाफ रिपोर्ट शासन में भेजने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। सूचना लघु एवं मध्यम विभाग की समीक्षा के दौरान ओडीओपी टूल किट योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में कम प्रगति पाए जाने के कारण उपायुक्त उद्योग को, भवन निर्माण में कम प्रगति पाए जाने पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को एवं सेतु के निर्माण और नई सड़कों के निर्माण में कम प्रगति पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को शो कॉज का नोटिस जारी किया गया और समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भी प्रगति लाने के लिए जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया।ग्राम में विकास विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधूरे आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करा कर उसका डाटा पोर्टल पर अपलोड करने और स्वयं मॉनिटरिंग करने का निर्देश परियोजना निदेशक को दिया। इसी प्रकार बेसिक शिक्षा, पशुधन और श्रम एवं सेवायोजन जैसे अन्य विभागों की जिलाधिकारी ने समीक्षा की।

**किसी भी हाल में जनपद का नाम खराब न हो:** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिस विभाग के अधिकारी की वजह से जनपद के रैंकिंग खराब होगी, उसकी जवाबदेही तय की जाएगी। जिन विभागों की प्रगति पिछले माह के सापेक्ष इस माह में कम है, उन अधिकारियों को पत्र जारी किया जाएगा। किसी भी स्थिति में जनपद का नाम खराब जनपद में नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपदों से संपर्क स्थापित कर कराए गए कार्यों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करवाकर अपने जनपद की रैंकिंग और ग्रेडिंग सही करें।

### 17 किलो चांदी के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बलिया।** रेलवे स्टेशन के पास से 16 किलो 975 ग्राम चांदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर शहर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। वहीं आयकर विभाग को मामले की जांच सौंप दी गई है। आरोपी पवन कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश वर्मा निवासी धरमपुरी सदर थाना कैन्ट जिला मेरठ का रहने वाला है। कोतवाली पुलिस को बुधवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा चांदी लेकर बलिया रेलवे स्टेशन के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास 16 किलो 975 ग्राम चांदी बरामद हुआ उसने कोई भी कागजात भी नहीं दिखाई।

### महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बालेश्वर घाट के पास गुरुवार की सुबह विवाहिता ने अपने घर के तीसरे तल पर पंखे के हुक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मरने से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया। परिजनों को इस घटना की जानकारी करीब तीन घंटे बाद हुई। तत्पश्चात परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के बालेश्वर घाट निवासी पिंकू गुप्ता की शादी 27 जनवरी 2023 को लव मैरिज बैरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज निवासी निशा गुप्ता उम्र 25 वर्ष के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि निशा गुप्ता लखनऊ में रहकर सिविल सर्विस की तैयारी करती थी।




## ठेकेदार संघ ने निर्माण खंड में जड़ा ताला, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**केटी न्यूज/बलिया**

अवर अभियंताओं द्वारा हो रहे अन्याय के खिलाफ सिविल लाइन स्थित निर्माण खंड में ठेकेदार संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार की दोपहर एक बजे ताला जड़ दिया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि ठेकेदारों द्वारा हड़ताल जारी होने के बावजूद अवर अभियंताओं द्वारा अपने चहेतों का बिल बनाकर भुगतान किया जा रहा है। इस दौरान ठेकेदार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि ठेकेदार अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़े अन्यथा भविष्य में अवर अभियंताओं द्वारा हमेशा परेशान किया जाएगा। ठेकेदार संघ के पदाधिकारियों ने अपना पूरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के अवर अभियंतागण अपनी जाति को ढाल बनाकर हमेशा ठेकेदारों को धमकी देते हैं। इस मौके पर महेश सिंह, मनोज तिवारी, खड़ग बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, रविशंकर राय मौजूद रहे।

### बैठक में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देशन में जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति डीसीसी व डीएलआरसी की बैठक मुख्य विकास अधिकारी सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान मनोज कुमार बर्णवाल अग्रणी जिला प्रबन्धक ने सरकार की ओर से संचालित समस्त योजनाओं एवं वित्तीय समावेशन अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेशन योजना, बचत खाते, प्रधानमंत्री जनधन योजना व प्रधानमंत्री मुद्रा योजना पर चर्चा किया गया। बैठक में विशेष रूप से घर घर केसीसी योजना पर चर्चा की गई एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा पर बैंकों के द्वारा कैंप आयोजित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

## जिम में हुई चाकूबाजी में दो युवक घायल, दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर

**केटी न्यूज/बलिया**

गड़वार ब्लॉक गेट के सामने जिम सेंटर में बुधवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चाकूबाजी हुई। जिससे दोनों पक्षों से एक-एक युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। उधर घटना के बाद दोनों पक्षों से गड़वार थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गड़वार ब्लॉक गेट के सामने संचालित जिम में बुधवार की रात को पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुई चाकूबाजी में दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए थे। जिसमें एक पक्ष के गड़वार थाना क्षेत्र के बलेसरा



निवासी सक्षम सिंह व दूसरे पक्ष के मिश्रौली निवासी मनीष तिवारी घायल हो गए। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों पक्षों द्वारा थाने में तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ल ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई है। दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।




## अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से की भेंट

# आदिवासियों को दिया जाए वनाधिकार कानून का लाभ: विजय

**केटी न्यूज/चहनियां (चंदौली)**

अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय गोंड बार्डर द्वारा चंदौली जनपद में निवासरत आदिवासी जाति गोंड, खरवार, चेरो, पनिका, कोल, मुसहर की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद के चकिया एवं नौगढ़ तहसील में वनाधिकार कानून का पालन किए जाने की आवश्यकताओं पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी आदिवासी को जंगल की जमीन पर काबिज को पट्टा दिया जाए। किसी भी आदिवासी जाति को जंगल की जमीन से बेदखन न किया जाए। अभी तक लगभग 83 लोगों को ही वनाधिकार का अधिकार दिया गया है। शेष को अभी तक पट्टा नहीं दिया गया है। जो आदिवासी व गैर आदिवासी के साथ अन्याय है। जनपद में गठित वन समिति में शासनादेश के अनुरूप आदिवासियों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया जाए, जिससे वन समिति ग्राम स्तर से लेकर जनपद स्तर तक इनका प्रतिनिधित्व हो और अधिकार मिल सके। मांग किया कि पुरानी वन समिति को भंग कर नए सिरे से वन समिति का गठन किया जाए, जिससे आदिवासियों को प्रतिनिधित्व मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के उद्यान में बिरसा मुण्डा व आदिवासी गोंड विरांगना महारानी दुर्गावती की मूर्ति स्थापना किए जाने की मांग की। साथ ही वर्ष 2022 से लंबित चले आ रहे आदिवासी समाज की समस्याओं के निराकरण किए जाने की आवश्यकता जताई।

## किसानों की कुर्की हुई तो होगा बड़ा आंदोलन: मनोज सिंह

**चंदौली।** किसानों के मुद्दे पर सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू एक बार फिर भाजपा सरकार पर हमलावर नजर आए। इस दौरान जनपद के 264 किसानों को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की ओर से जारी नोटिस के साथ पूर्व विधायक बैंक पहुंचे और मैनेजर से किसानों को जारी कुर्की के तुगलकी फरमान के बार में जानकारी दी। साथ ही यह भी चेताया कि किसानों की कुर्की हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री व भाजपा के नेताओं ने किसानों के कर्जा माफी कराने की मांग भी की। मैनेजर से मुलाकात के बाद बैंक से बाहर आए मनोज सिंह डब्लू ने बताया कि यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक से कर्जा लेने वाले जनपद के 264 छोटे व गरीब किसानों को कुर्की की नोटिस जारी की गई है। यानी इन किसानों की चल व अचल सम्पत्ति को बेचकर कर्ज की अदायगी का फरमान जारी हुआ है, जिससे गरीब किसान परिवार बेघर होने की कगार पर हैं। ऐसी स्थिति में हाल-परेशान किसानों की परेशानी व पीड़ा को दूर करने के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री से छोटे किसानों के कजार्माफी की आवश्यकता जताई। कहा कि जब भाजपा अपने पूंजीपति मित्रों का हजारों करोड़ रुपये माफ कर सकती है तो किसानों के लाख-पचास के छोटे कर्ज भी माफ होने चाहिए। याद दिलाया कि जब यूपी में सपा की सरकार थी तो अखिलेश यादव की सरकार ने इसी बैंक के छोटे किसानों का कर्जा माफ करने का काम किया था।

